एक नजर में

## बछ बारस पर गाय और बछड़े की पूजा-अर्चना



इंदौर. यंग इंडिया क्लब की महिला शाखा द्वारा बच्छ बारस के उपलक्ष्य में जिंसी क्षेत्र में गाय एवं बछड़े की पूजा कर गौरक्षा का संकल्प लिया. आज के दिन चाकू से काटी हुई सब्जी या अनाज का उपयोग नहीं किया जाता है. घरों में ज्वार, बाजरा या मक्का की रोटी खाई जाती है. इस अवसर पर सामूहिक पूजन में श्रीमती मंजूलता अग्रवाल, वर्षा शर्मा, नीता, रेखा, लता, दिव्या, निकिता, सोनम, हेमलता, शोभा, ज्योति, जूली, मोना सहित अनेक महिलाओं ने गाय एवं बछड़े की पूजा की. सभी महिलाओं ने गोरक्षा का संकल्प भी व्यक्त किया और बच्छ बारस की कथा भी श्रवण की.

## बछबारस व्रत का किया उद्यापन



इंदौर. अग्र मिलन कपल्स ग्रुप के तत्वावधान में अग्रवाल समाज की 41 महिलाओं द्वारा बच्छबारस व्रत के सामूहिक उद्यापन का उत्सव बुधवार को छोटा बांगड़दा स्थित बाबाश्री गार्डन पर धूमधाम से मनाया गया. सुबह गाय-बछड़े एवं पाटे के पूजन की व्यवस्था की गई. संस्था के अध्यक्ष आरती-अरुण गोयल ने बताया कि इस दौरान गाय एवं बछड़े के श्रृंगार तथा वस्त्र एवं पूजन की सामग्री भी महिलाओं को भेंट की गई. समाजसेवी एवं संस्था के संरक्षक सीतादेवी-जगदीश गोयल के आतिथ्य में व्रतधारी महिलाओं ने सपरिवार बछड़े का पूजन किया. संस्थापक तृप्ति इअरुण गोयल के साथ कार्यक्रम प्रभारी ममता-विजय, चंद्रकांता-विनोद, मनोज-परिधि, सीमा-उमेश एवं मेघा-सत्यप्रकाश ने सभी मेहमानों की अगवानी की. समाज में पहली बार इतने उत्साह के साथ बच्छ बारस व्रत का सामूहिक उद्यापन करने पर मुख्य अतिथि सीतादेवी-जगदीश गोयल ने अग्र मिलन कपल्स ग्रुप को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के उत्सव निरंतर होते रहना चाहिए. तृप्ति-अरुण गोयल ने आभार माना.

## पर्युषण आत्मा को पवित्र करने का अवसर



इंदौर. पयुर्षण महापर्व आत्मा के नजदीक रहने के दिन है. इन आठ दिनों कि उर्जा वर्ष भर बनी रहती है. हमारी भटकती चेतना को आत्मा से मिलाने का अवसर है. संसार के मोह को रोकने, आत्मा मे रमण करने, दल-दल में फंसी आत्मा को पवित्र करने का अवसर है. उक्त विचार उप प्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने महावीर भवन कि धर्म सभा में व्यक्त किये. आपने कहा कि आठ गुणों को जीवन में उतारो- शास्त्र श्रवण, कषायों का वमन, पुण्य का अर्जन, दया को नमन, इन्द्रियो का दमन, संघ सेवा, सदगुणों का चयन, तप और त्याग को अंगीकार करना. महापर्व के पवित्र दिनों मे ज्ञान के समुद्र में गोते लगाये, ज्ञान प्राप्त करना भी आसान नहीं है इसके लिये भी तपना पड़ेगा. तपस्वी मधुर मुनी महाराज ने अन्तगढ़ सुत्र का वाचन करते हुऐ बताया कि आगम हमें समाधान, सावधान, संविधान कि प्रेरणा देते है आत्मा का उत्सव, मेत्री का महोत्सव, संस्कारों का उपार्जन, विकारों का विषर्जन जीवन का मूलमंत्र हैं. कल के प्रवचन का विषय रहेगा दुआओं की दौलत कमाइयें. धर्म सभा में अचल चैधरी, डेवीस जैन, रमेश भंडारी, जिनेश्वर जैन, रखबचंद कोटावाले, प्रमोद श्रीमाल, हेमन्त बोहरा, महेन्द्र डागरिया, रेणु जैन, सुनिता छजलानी, पुष्पा डागरिया, सुरेन्द्र पगारिया आदी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे. संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

## पर्युषण महापर्व पर भजन संध्या कल

इंदौर. पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड में 22 अगस्त को एक भव्य भक्तिमय भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है. इस अविस्मरणीय आयोजन में परम पूज्य आचार्य विश्वरत्नसागर महाराज साहब का सानिध्य प्राप्त होगा. समाजसेवी और भाजपा नेता दीपक जैन टीनू ने बताया कि नाकोड़ा पार्श्वनाथ प्रभु को समर्पित इस भजन संध्या में श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ प्रभु के दिव्य दरबार के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा. भक्ति भजन सम्राट राजीव विजयवर्गीय (जयपुर) अपने मधुर भजनों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। इस दौरान, अभिमंत्रित रक्षा पोटली का वितरण और दिव्य ज्योत के दर्शन भी होंगे. दीपक जैन टीनू ने कहा, पर्युषण महापर्व आत्मशुद्धि और तपस्या का पर्व है. इस पावन अवसर पर हम सभी मिलकर प्रभु भक्ति में लीन होंगे. भजन संध्या भी श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, आस्था और दिव्यता का एक अविस्मरणीय अनुभव होगी.



## पहचान फ़्ली मार्केट का आयोजन 23 से

इंदौर. आगामी 23 और 24 अगस्त को स्थानीय स्टार्टअप्स और उद्यमियों को एक ही मंच पर लाने का अनोखा प्रयास किया जा रहा है. विजय नगर स्थित द हब परिसर में होने जा रहा यह आयोजन हर किसी के लिए खास होगा- चाहे आप परिवार के साथ हों, स्टूडेंट हों या वर्किंग प्रोफेशनल. इस पहचान फ़्ली मार्केट में शॉपिंग के लिए स्थानीय उद्यमियों के स्टॉल जिसमे कपड़े, ज्वेलरी, होम डेकोर, बेकरी प्रोडक्ट्स, चॉकलेट्स, एक्सेसरीज होंगी, क्रिएटिव वर्कशॉप्स, लाइव म्यूज़िक, इंदौरी फूड जायका, गेम्स और ढेरों सरप्राइज़ गिफ़्ट्स रहेंगे. आयोजन समिति की ऋचा मालवीया ने बताया कि फ्ली में महिला उद्यमियों की बड़ी भागीदारी है. लाइव वर्कशॉप्स जैसे- मंडला पेंटिंग, पॉटरी, रेज़िन आर्ट, लिप्पन आर्ट, फ्लॉवर मेकिंग और इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाना- सबके लिए एक नया और यादगार अनुभव होंगे. इस फ़्ली मार्किट में सभी के लिए एंट्री नि:शुल्क रहेगी.

## राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई



देपालपुर. कांग्रेस परिवार के साथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जन्म जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई. शहीद भगीरथ सिलावट चमन चौराहा देपालपुर पर समस्त कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर स्व राजीव जी के चित्र पर माल्यार्पण किया श्रद्धांजलि दी. साथ ही उपस्थित सभी साथियों ने देश में अमन, चैन, शांति और सहिष्णुता की भावना आमजन में विद्यमान रहे ईश्वर से यह प्रार्थना भी की. इस अवसर पर कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृपाराम सोलंकी, जिला कांग्रेस महामंत्री मिथलेश जोशी, पूर्व पार्षद आजम खान, पूर्व पार्षद निराला डागर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुकेश पटेल, निर्भय सिंह सोलंकी, पूर्व विधानसभा यूकां अध्यक्ष रामचरण दयाल, रामदेव पवार, मोहन बढ़वाया, चंदन बढ़वाया, सतीश पटेल, जाहिद खान, नितेशधाकड़, मुंशीगोड, इकबाल मंसूरी, रूदन सिंह, कृष्णा पटेल, शंकर सोलंकी, अजीज खान, कान्हा परमार, श्याम जाधव, सीताराम सोलंकी, सईद मंसूरी, मुकेश परचैया आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे. संचालन युवा नेता नितेश धाकड़ ने किया.

# इंदौर बनेगा सतत विकास का ग्लोबल मॉडल

**नगर निगम और यूएनएससीसी के बीच आज होगा एमओयू**

**बीपीएल परिवारों के लिए सस्टेनेबल हाउसिंग प्रोग्राम**

**ऊर्जा व ईंधन खर्च में 30त्न तक की बचत का लक्ष्य**




**इंदौर. स्वच्छता और नवाचार की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित करने वाला इंदौर अब सतत विकास और क्लाइमेट एक्शन का वैश्विक मॉडल बनने की ओर कदम बढ़ा रहा है। आगामी 21 अगस्त को नगर पालिक निगम, इंदौर और यूनाइटेड नेशन एक्शन फॉर क्लाइमेट चेंज काउंसिल (यूएनएसीसीसी) के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन होगा. यह कार्यक्रम गुरुवार को सुबह 10 बजे जाल सभा गृह में आयोजित किया जाएगा.**

इस एमओयू का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइफ मिशन, स्वच्छ भारत सर्टिफिकेशन और सस्टेनेबल हाउसिंग मिशन नेट ज़ीरो के अनुरूप पहल को आगे बढ़ाना है. इसके तहत बीपीएल और निम्न आय वर्ग परिवारों के लिए सस्टेनेबल हाउसिंग प्रोग्राम लागू किया जाएगा, जो नेट-जीरो एलपीजी, बिजली और ईंधन खर्च पर केंद्रित होगा. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि प्रारंभिक चरण में यह परियोजना 6 माह के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू होगी. यदि यह सफल रहती है तो आगे इसका विस्तार किया जाएगा.

योजना का लक्ष्य नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल, आत्मनिर्भर और अफोर्टेबल हाउसिंग उपलब्ध कराना है. इसमें स्वच्छ ऊर्जा, हरित तकनीक और सतत विकास के मानकों को अपनाया जाएगा. नगर निगम और यूएनएससीसी का यह संयुक्त प्रयास नागरिकों के बिजली, एलपीजी और वाहन ईंधन पर होने वाले खर्च को कम करने पर केंद्रित होगा. एमओयू के तहत एक परिवार की औसत खर्च में 30% तक की बचत सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जाएगा.

### डॉ. पाणिग्राही प्रमुख रूप से रहेंगे

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. श्रीकांत के. पाणिग्राही शामिल होंगे, जो जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के अंतरराष्टीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ हैं. वे भारत सरकार और संयुक्त राष्ट के कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएँ दे चुके हैं और वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में जलवायु परिवर्तन सलाहकार, नीति आयोग की कार्ययोजना समिति के सदस्य सचिव तथा पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति के सदस्य हैं. साथ ही वे यूएनएससीसी के सह-अध्यक्ष, आईआईएसडी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के महानिदेशक, तथा कार्बन माइनस इंडिया के निदेशक भी हैं.

# दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि की समयसीमा तय का विरोध

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पंजीयन विभाग ने दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि की समय सीमा एक वर्ष तय कर दी है. मध्य प्रदेश सरकार पंजीयन विभाग द्वारा लागू नई व्यवस्था का विरोध शुरू हो गया है. साथ ही कांग्रेस ने पंजीयन विभाग द्वारा कानून के विरुद्ध जाकर नई व्यवस्था लागू करने आरोप लगाया है.**

मप्र कांग्रेस कमेटी प्रदेश प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद कुमार व्दिवेदी ने बताया कि संपदा सिस्टम में सत्य प्रतिलिपि सेवा प्रदाता की आईडी से निकलती है और वह अपनी आईडी से सशुल्क निकालता है. मगर मप्र देश में एक ऐसा राज्य है, जहां पंजीयन विभाग द्वारा कानून से परे जाकर सत्य प्रतिलिपि अर्थात सटिफाईड कापी पर समय सीमा का उल्लेख किया जा रहा है. पहले नकल रिकार्ड रुम से सशुल्क निकलती थी. इसके लिए बकायदा आवेदन पत्र जमा करना होता था. अभी भी मैन्युअल रजिस्ट्री दस्तावेज की नकल उपरोक्त नियम से ही निकलती है. मध्य प्रदेश सरकार ने नई व्यवस्था के तहत ई रजिस्ट्रेशन में सर्विस प्रोवाइडर हैंड पर अब लिखा आता है कि दिनांक तथा सन् तक उपयोगी या मान्य. व्दिवेदी ने सवाल उठाया कि किस कानून के तहत मप्र सरकार ने यह किया? जनता को विभिन्न विभागों में सर्टिफाइड कॉपी की आवश्यकता होती है. क्या व्यक्ति हर साल प्रमाणित प्रतिलिपि निकलेगा?

**आम आदमी पर अतिरिक्त भार-** व्दिवेदी ने सवाल उठाया क्या राज्य सरकार ने इसके लिए कानून में बदलाव कर दिया है? सरकार आम जनता का शोषण करने पर अमादा है और अब आम आदमी पर यह अतिरिक्त भार डाल दिया गया. कांग्रेस उक्त मुद्दे पर जनता की आवाज बनकर लड़ाई लड़ेगी और प्रदेश स्तर पर सरकार के खिलाफ उक्त नई व्यवस्था को वापस लेने की मांग करेगी.

## बीमा पॉलिसी के नाम पर बुजुर्ग से 14 लाख ठगे

### क्राईम ब्रांच की टीम जुटी जांच में

इंदौर. मंगल नगर में रहने वाले 62 वर्षीय बुजुर्ग को बीमा पॉलिसी का पैसा दिलाने का झांसा देकर ठगों ने 14 लाख 61 हजार रुपए हड़प लिए. पीड़ित की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

करण सिंह चौहान ने पुलिस को बताया कि महिला का कॉल आया, जिसने खुद को मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की कर्मचारी भावना बताया. उसने कहा कि उनकी एजेंट ने लिखित में कंपनी को सूचित किया है कि उन्हें पॉलिसी का पैसा नहीं चाहिए, इस पर करण सिंह ने आपत्ति जताई. महिला ने एजेंट के खिलाफ शिकायत कराने का भरोसा दिलाया और कुछ ही देर बाद एक अन्य कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी का मैनेजर बताया और फिर उनकी बात एक कथित सीनियर मैनेजर पीसी कोठारी से कराई. इन लोगों ने लगातार कॉल कर भरोसा दिलाया कि वे पॉलिसी की राशि उन्हें दिलवा देंगे. बेटी के इलाज के लिए पैसों की जरूरत होने पर करण सिंह उनके झांसे में आ गए. आरोपियों ने पीएम राहत कोष और इंश्योरेंस पॉलिसी की रकम दिलाने का हवाला देकर अलग-अलग खातों में 14 लाख 61 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए. कुछ समय बाद जब पीड़ित ने पैसों के संबंध में पूछताछ शुरू की तो आरोपियों ने कॉल उठाना बंद कर दिया. इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ. क्राइम ब्रांच ने करण सिंह की शिकायत पर महेंद्र और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी केस दर्ज कर लिया है.

# फिनिक्स अस्पताल पर मरीजों से रुपए वसूलने के आरोप

- स्वास्थ्य विभाग की जांच में उजागर हुई अव्यवस्थाएं
- आयुष्मान योजना में की गड़बड़ी, प्रशासन ने दिया नोटिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाडिया स्थित फिनिक्स हॉस्पिटल एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है. यहां आयुष्मान योजना में मरीजों से सर्जरी के नाम पर रुपए वसूलने की शिकायतें सामने आई. मरीजों और उनके परिजनों ने कलेक्टर को दी शिकायत में आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने 45 से 50 हजार रुपए तक खर्च बताया और सर्जरी से पहले 25 हजार रुपए की मांग की. विरोध करने पर 16 हजार रुपए लिए गए. मरीज ने इसका ऑडियो सबूत भी प्रशासन को सौंपा है.**



शिकायत पर एडीएम ने सीएमएचओ डॉ. माधव हासानी को जांच के निर्देश दिए. टीम जब मौके पर पहुंची तो कई गड़बड़ियां सामने आई. अस्पताल में उस समय 20 से ज्यादा मरीज भर्ती थे, लेकिन एक भी रजिस्टर्ड डॉक्टर मौजूद नहीं था. केवल एक होम्योपैथिक डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ही मिले. जांच में अस्पताल की तीसरी मंजिल पर अवैध निर्माण और फायर सेफ्टी सिस्टम का अभाव भी पाया गया, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा है.

सीएमएचओ डॉ. माधव हासानी ने बताया कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत अस्पताल संचालक डॉ. हरिकरण बिरला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है. जांच रिपोर्ट के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वहीं अस्पताल संचालक डॉ. गर्वित अरोरा ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि हम प्रशासन को अपने पक्ष के सबूत सौंप रहे हैं.

# 4 माह से राशि नहीं मिलने पर मध्याह्न भोजन प्रभावित

## प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के अंतर्गत होना है भुगतान

**इंदौर. जिले के आसपास एवं प्रदेश के कई जिलों से स्व सहायता समूह शासकीय विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित करते है. विद्यालयों में पिछले वर्षों के मुताबिक अभी वर्तमान में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है महिला स्व सहायता समूह अपनी लगन और मेहनत के साथ बच्चों को मातृत्व के साथ भोजन बनाकर परोसते हैं**

. चूंकि शासन द्वारा स्व सहायता समूह को हमेशा परेशान किया जाता रहा है. कभी क्वालिटी, कभी ऑडिट तो कभी रोटी अच्छी नहीं अनेकों अनेक कारणों से अलग अलग समूह प्रताड़ित होते रहते है. पिछले 18 सालों से कार्य कर रही महिलाओं को 3रु प्राथमिक और 4रु माध्यमिक के लिए दिया जाता था.

फिर भी समूहों ने कार्य किया और अभी वर्तमान में 4 माह से भोजन बनाने की राशि एवं रसोइयों का मानदेय नहीं दिया गया. यदि एक दिन खाना न बने तो पंचनामे की बात करते हैं. महिलाओं का हाल बुरा हो गया है. कर्ज ले लेकर अब तो हालात यह है कि महिलाएं जेवर गिरवी तक रख कर बच्चों को भोजन करवा रही हैं. उसके बावजूद शासन को तनिक भी ग्लानि नहीं सता रही है.

बच्चों का ध्यान स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने बच्चे की तरह रख रही है लेकिन अब अति हो रही है. अब सरकार विद्यालयों के किचन में मशीनीकरण का उपयोग करने की योजना बना रही हैं जबकि अभी तक जहां भी मशीनीकरण हुआ है वहां का भोजन न तो खाने योग्य होता हैं और न सेहत के योग्य होता है. मशीनों से रोटियां कच्ची और कड़क बनती है.

बच्चे हाथ तक नहीं लगाते. ऐसे में शासन की कुपोषण दूर करने की मंशा भी ठंडे बस्ते में चली जाती रही हैं. गरीब परिवार की माता बहनों का रोजगार छीने जाने की आशंका स्व सहायता समूह की महिलाओं को सता रही हैं. जब देश में इतनी बेरोजगारी है तो मशीनीकरण क्यों?

क्यों योजनाएं ठेके पर चली जाती है जबकि जनता बेरोजगार है. हर जगह मशीनीकरण क्यों होता हैं? बहनों को लाड़ली बहना बनाकर उनका रोजगार छीनना कहां तक उचित है.

यदि काम ज्यादा है तो आप और ज्यादा मजदूर लगा लीजिए पर मशीनीकरण करके बहनों का हक नहीं छीन सकते. प्रदेश भर में स्व सहायता समूह की लगभग 6लाख बहने अपने रोजगार को लेकर चिंतित हैं.

### सब मिलकर संघर्ष करेंगे

प्रदेश स्व सहायता समूह महासंघ की जिला अध्यक्ष प्रेरणा यादव ने बताया कि अब महासंघ ठोस निर्णय पर पहुंचने को मजबूर है, यदि स्व सहायता समूह का 4 माह का पैसा समय रहते नहीं मिलता है तो महासंघ आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा. बहनों को बेरोजगार नहीं होने देगा. अपने हक के लिए हम सब मिलकर संघर्ष करेंगे.

# नफरत की दीवारों को ढहा क्षमा करने का दुर्लभ प्रसंग पर्युषण पर्व

**नरसिंह वाटिका पर चातुर्मास अनुष्ठान में आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व का शुभारंभ**



इंदौर. दुनिया में ऐसा कोई विवाद या ऐसी कोई समस्या नहीं हैं, जिसका समाधान न हो, लेकिन आजकल झगड़े सुलझाने वाले लोग कम हो गए हैं तथा उलझाने वाले लोग ज्यादा. खून से सने कपड़ों को खून से नहीं, पानी और साबुन से ही धोया जा सकता है. आजकल ईंट का जवाब पत्थर से देने वाला विचार ज्यादा हावी है. पर्युषण जैसा महापर्व राग द्वेष, क्रोध एवं नफरत की दीवारों को ढहाकर एक-दूसरे के नजदीक आने और गले मिलकर क्षमा करने का दुर्लभ प्रसंग है.

ये विचार हैं जैनाचार्य विश्वरत्नसागर के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में पर्युषण महापर्व के शुभारंभ अवसर पर आयोजित महती धर्मसभा में व्यक्त किए. धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तम रत्न सागर एवं गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर ने भी संबोधित किया। उन्होंने पर्युषण की महत्ता बताते हुए आत्म कल्याण के पांच सूत्र बताए. उत्तम रत्न सागर नेअधिकार और कर्तव्य के भेद को रेखांकित करते हुए उन्होने कहा कि सड़क पर चलना हमारा अधिकार है, लेकिन यातायात नियमों का पालन करना हमारा कर्तव्य है. इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारसमल बोहरा, संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने लाभार्थी परिवारों का बहुमान किया. श्रावकों की अगवानी शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, चंद्रप्रकाश चौरडिया, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर आदि ने की. पर्युषण के पहले दिन बुधवार को सत्संग मंडप खचाखच भरा रहा। सुबह एवं संध्या को प्रतिक्रमण में भी सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया।

### मूक परिंदों के लिए 500 बोरे अनाज का दान

पर्युषण के पहले दिन बुधवार को जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. के आव्हान पर पीपली बाजार स्थित मंदिर की छत पर प्रतिदिन मूक परिंदों को दाना-पानी की व्यवस्था के लिए जीव दया अभियान में धर्मसभा में आए सैकड़ों श्रावकों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार ज्वार एवं मक्का के बोरे दान देने का संकल्प भी व्यक्त किया. इस दौरान मातृ 10 मिनट में 500 बोरे अनाज के संकल्प प्राप्त हुए.

**प्रशासन की पहल** | असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर, उन्माहद फैलाने वालों पर होगी अनुशासनत्माक कार्रवाई

# लोक निर्माण विभाग को दिलाया इमामबाड़े का कब्जा

**धार. शहर के हटवाड़ा स्थित सरकारी इमामबाडे को प्रशासन ने सील करवाकर लोक निर्माण विभाग के सुपुर्द कर दिया है. प्रशासन की यह कार्रवाई बुधवार अलसुबह करीब 5 बजे हुई. इसमें भवन पर ताला लगाकर बेरिकेडिंग करते हुए लोक निर्माण विभाग को कब्जा दिलवा दिया है. अब यह भवन लोक निर्माण विभाग के अधीन रहेगा.**





इस तालाबंदी के पहले मुस्लिम पक्ष कब्जेदार था. लंबी सुनवाई के बाद एसडीएम धार ने भवन को खाली करने के आदेश जारी किए थे. इसके पालन में प्रशासन और पुलिस ने मुस्तैदी और सहजता के साथ सभी पक्षों को विश्वारस में लेकर बुधवार सुबह 5 बजे इमामबाड़े पर तालाबंदी की कार्रवाई पूरी की. एहतियातन शहर में भारी पुलिसबल की तैनाती की गई थी.

इमामबाड़ा क्षेत्र को भी छावनी में तब्दीवल कर दिया गया था. साथ ही आम लोगों की आवाजाही को कुछ समय के लिए रोका गया था. ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न बने.

धार पुलिस की बेहतर प्लातनिंग का नतीजा है कि मुस्लिम पक्ष को विश्वास में लेकर बेहतर तरीके से निर्णय का पालन करवाया गया. धार जैसे संवेदनशील क्षेत्र जहां छोटी सी बात पर माहौल गर्माता आया है.

वहां पर इतने बड़े निर्णय और कार्रवाई के बाद भी सभी पक्षों ने शांति और सदभाव का माहौल रखकर शहरहित की मिसाल पेश की है. इस कार्रवाई के बाद बुधवार को दिनभर पुलिस की सक्रियता देखने को मिली. शहर के तमाम पाइंट पर पुलिस की तैनाती की गई थी.

अधिकारियों ने भी नगर भ्रमण करते हुए हालात पर निगरानी बनाए रखी थी. इसका नतीजा रहा कि दिनभर शहर में शांति बनी रही.

शहरवासी रोजमर्रा की तरह अपने कार्यों में व्यीस्त रहे. सोशल मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी बनी हुई थी. शहर में शांति बनी रही. किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए शहर में भारी पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी.

### दो सप्ताह पुलिस करती रही तैयारी

शहर में इमामबाडे को बेदखली अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पीडब्लूडी विभाग को सौंप दिया है. प्रशासन की मुस्तैदी का सबसे बडा प्रमाण ही यह हैं, कि शहर में दोनों समुदाय के बीच शांति बनी हुई है. पुलिस अधिकारियों ने इसके लिए दो सप्ताअह पहले से ही तैयारी शुरु कर दी थी, वरिष्ठि अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों से चर्चा की. जिन्हें एसडीएम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के बारे में जानकारी दी. साथ ही एक दिन पूर्व मंगलवार रात में चालीसवें के तहत निकलने वाले ताजिये को भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्ना करवाया था, जिसके कारण ही धार में शांति और सौहार्द्र बना हुआ है. कलेक्ट र प्रियंक मिश्रा, एसपी मनोज कुमार सिंह की टीम ने सभी त्यौहार भी शांति से शहर में मनवाए है। बुधवार सुबह 5 बजे तालाबंदी की पूरी कार्रवाई कलेक्टजर प्रियंक मिश्रा, एसपी मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई है.